सुविचार

**जो अपने सपनों को पूरा करने का साहस करता है, वह हर मुश्किल को पार कर सकता है।**

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 26 | पंचकूला। सोमवार, 2 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

**एक नजर**

## गांव अभयपुर में हिदू सम्मेलन में गूंजे जयकारे



**पंचकूला।** गांव अभयपुर में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवा भारत माता की जय के जयकारे लगा रहे थे। पैदल यात्रा निकाली गई, जोकि गांव अभयपुर और आशियाना कंपलेक्स से होकर गुजरी। मुख्य अतिथि अनिल कौल रहे। आरएसएस से अरुण गर्ग, पूर्व पार्षद हरेंद्र मलिक, युवा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, युवा नेता अंकुश निषाद, रवि राणा, जोगिंद्र जेडी, जितेंद्र कुशवाहा, राहुल यादव, सतीश गुप्ता, मनप्रीत शर्मा, जैकी सिंह, संतोष चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

## अमेरिका और ईरान ने 24 घंटे में बरसाए 1200 से ज्यादा बम

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान, 1 मार्च।** इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए गए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। हमला कुछ देर में शुरू होगा और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।





*ईरानी हमले में तेल अवीव में कई गाड़ियां जलकर राख हो गई।*

### 48 ईरानी नेता मारे गए, 9 जहाज डुबोए : ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी 'नेता' मारे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान के 9 जहाज डुबो दिए हैं।

### इजराइल में मरने वालों की संख्या 8

इजराइल के बेइत शेमेश शहर में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। इजराइली आपात सेवाओं के अनुसार, कम से कम 27 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है।

### एअर इंडिया की 50 फ्लाइट कैंसिल

मिडिल ईस्ट के देशों में इस जंग के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर भारत पर भी दिख रहा है। एअर इंडिया ने 22 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द कीं। अब तक 50 फ्लाइट रद्द की गई हैं।

### दूतावासों की एडवाइजरी अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह

**बेरूत।** मिडिल ईस्ट में जारी तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर लेबनान में स्थित भारतीय दूतावास, बेरूत ने वहां रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने, सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा व आपातकालीन निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। रविवार को जारी एडवाइजरी में दूतावास ने कहा, क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए लेबनान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक अनावश्यक यात्रा से बचें, सतर्क रहें और स्थानीय स्तर पर जारी सुरक्षा एवं आपातकालीन दिशानिर्देशों का पालन करें। दूतावास ने आपात स्थिति में भारतीय नागरिकों को मोबाइल नंबर +96176860128 या ईमेल के जरिए संपर्क करने को कहा है। इससे पहले भारत सरकार ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सभी पक्ष संयम बरतें, हालात को और न बिगाड़ें और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय मिशन वहां रह रहे भारतीयों के संपर्क में हैं और उन्हें सतर्क रहने तथा स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। भारतीय दूतावास, तेहरान ने ईरान में रह रहे भारतीयों को अत्यधिक सतर्क रहने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और संभव हो तो घरों के भीतर रहने की सलाह दी है।

### नए कमांडर इन चीफ, ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी ने संभाली कमान

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ऑपरेशन रोअरिंग लॉयन के तहत ईरान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में जनरल मोहम्मद पाकपुर समेत इजरायल के कई शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया है। इस बीच ईरान को इसका नया कमांडर-इन-चीफ मिल गया है। ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी को नया कमांडर-इन-चीफ बनाया गया है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नया कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। आईआरजीसी ने रविवार को घोषणा की कि अनुभवी सैन्य अधिकारी अहमद वहीदी पहले रक्षा और गृह मंत्री थे। अपनी औपचारिक नियुक्ति से पहले वहीदी छह महीने तक अंतरिम प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे। हालांकि, ईरानी अधिकारियों की तरफ से अब तक इस नियुक्ति को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन यह बताया गया है कि यह फैसला सीनियर मिलिट्री और पॉलिटिकल लीडर्स पर हाल ही में हुए हमलों के बाद देश के कमांड स्ट्रक्चर में बड़ी गड़बड़ी के बीच आया है। ईआरजीसी इस्लामिक रिपब्लिक की सुरक्षा और विदेशों में ईरान का असर बढ़ाने के लिए जिम्मेदार एक एलीट फोर्स है। यह तेहरान की सुरक्षा रणनीति और क्षेत्रीय ऑपरेशनों का एक अहम हिस्सा बना हुआ है। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी ईरान के शहर मिनाब में लड़कियों के एक एलिमेंट्री स्कूल पर अमेरिका-इजरायल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हो गई है। हमला शनिवार को हुआ था और मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह स्कूल पहले बेस का हिस्सा था, लेकिन सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि दोनों जगहें कम से कम 2016 से अलग हैं। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, आईआरजीसी का कहना है कि वह ईरान पर अमेरिका और इजरायल की बमबारी का बदला लेने के लिए हमलों का छठा राउंड चला रहा है। आईआरजीसी ने इस इलाके में इजरायल और अमेरिकी मिलिट्री बेस पर फ्रबड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोनफ्र हमले किए हैं। उसने कहा कि 27 अमेरिकी बेस, साथ ही इजरायली तेल नोफ एयरबेस, तेल अवीव में हाकिर्या में इजरायली सेना का कमांड हेडक्वार्टर, और उसी शहर में एक बड़े डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स पर हमला किया गया। आईआरजीसी ने आगे कहा कि ईरानी सेना फ्रबदले का एक अलग और कठोर कदम उठाएगी।

# भाजपा ने पर्ची और खर्ची के दौर को समाप्त किया : सीएम नायब सैनी

- भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में हुई विधायकों, प्रदेश प्रवक्ताओं, चेयरमैनों की कार्यशाला

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली की अध्यक्षता में पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने विधायकों, प्रदेश प्रवक्ताओं और चेयरमैनों को प्रशिक्षण दिया और मुख्य विषयों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष ब?ौली ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली व प्रदेशवासियों को पावन पर्व होली की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास सदन में बोलने के लिए सिर्फ और सिर्फ झूठ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग सदा सदन की कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक विपक्ष को जोरदार जवाब दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस ने वंदे मातरम को भी विवादों में घसीटने का काम किया।

वंदे मातरम के डे? सौ वर्ष केवल समय की गणना नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्जागरण, संघर्ष और स्वाभिमान की 150 वर्ष लंबी गाथा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्षी दलों ने बुजुर्गो की पेंशन काटने जैसे संवेदनशील मुद्दों पर झूठ और भ्रम फैलाकर घटिया राजनीति की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर पात्र बुजुर्ग को घर बैठे पेंशन बनाकर भेज रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। श्री सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 25 दिसंबर 2025 को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हरियाणा में 9 लाख 22 हजार 452 पात्र महिलाओं के खातों में अब तक चार किस्तों में 634 करोड जारी किए जा चुके हैं।

सैनी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह संकल्प के साथ पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी और आज हमारी सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। उन्होंने कहा कि अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड रुपए डाले जा चुके हैं।

नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। नशे के विरुद्ध ल?ाई में प?ोसी राज्यों का सहयोग लेने के लिए हरियाणा के पंचकूला में अंतर्राज्यीय सचिवालय स्थापित किया गया है। पिछले 5 सालों में नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे लगभग 26 हजार अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार खिला?ियों के सम्मान सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध। पिछले 11 वर्षों में खेल अवसंरचना पर 989 करोड रुपए किए गए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने पर्ची और खर्ची के दौर को समाप्त किया है। अब युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक लगभग 1 लाख 80 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली हैं। भाजपा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन करके प्रदेश के युवाओं को ठेकेदारों के शोषण मुक्ति दिलाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन भाजपा की कार्य संस्कृति की आधारशिला है। पंडित दीनदयाल के विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं। नायब सैनी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को अपडेट रखने की प्रक्रिया है।

### नई ऊर्जा के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब?ौली ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन निर्माण संभव है। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर पर समृद्ध करेगा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएगा। श्री ब?ौली ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नये उत्साह के लिए प्रशिक्षण को जरूरी बताया। बड़ौली ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार आता है, बल्कि नई सोच और दृष्टिकोण भी विकसित करता है। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ब?ौली ने नायब सैनी सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नायब सरकार संकल्प पत्र के हर संकल्प को पूरा करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज हरियाणा समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। श्री ब?ौली ने कहा कि हमें सरकार की योजनाओं और उपब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के विकास, सुशासन, विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

# सांसद रेखा शर्मा, पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंच लिया आशीर्वाद

- पंचकूला के सेक्टर-16 में फूलों की होली का भव्य आयोजन





**पंचकूला, 1 मार्च।** श्री कृष्ण कृपा परिवार पंचकूला ट्रस्ट द्वारा 28 फरवरी शनिवार रात्रि को पंचकूला के सैक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में भव्य एवं विशाल होली महोत्सव का आयोजन किया गया। परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी गुरुदेव स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के पावन आशीर्वाद तथा श्री कृपा बिहारी जी की कृपा से आयोजित इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा तथा पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने शिरकत की और कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। इसके अतिरिक्त जिला प्रधान अजय मित्तल, मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी की पत्नी साक्षी भंडारी सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री कृष्ण कृपा परिवार के सदस्य विनीत जैन और ट्रस्ट अध्यक्ष परविंदर ढींगरा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस बार आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। पूरे शहर से श्रद्धालुओं ने भाग लेकर राधा-कृष्ण संग फूलों की होली खेली। भजन-कीर्तन, संकीर्तन और भक्तिमय संगीत से पूरा अग्रवाल भवन गुंजायमान रहा।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं :** ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के लिए सुचारु दर्शन, प्रसाद वितरण तथा बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्वयंसेवकों की टीम ने पूरी व्यवस्था को संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन स्थल को आकर्षक फूलों और रंगीन सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण अत्यंत मनमोहक बन गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम लाल बंसल, जगमोहन गर्ग, समाजसेवी प्रदीप गोयल, अमित जिंदल, विजय गर्ग, तेजिंदर टोनी, रंजीता मेहता, उमेश सूद, महासचिव धर्मपाल सिंगला, दीपक लूथरा, वृषभान गर्ग, सुशील बिंदल, वनीत जैन, प्रवीण अग्रवाल, महिला विंग की प्रधान रुपाली विनीत जैन, रिम्पी गर्ग, तेजपाल, कैलाश मित्तल, अनिल गोयल, संजय गर्ग, साहिल गोयल, ओपी पाहवा, नरेश शर्मा सहित अनेक सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए पंचकूला में होली महोत्सव को यादगार बना दिया।

# स्व. लाला अमरनाथ अग्रवाल की 18वीं पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** समाजसेवी एवं प्रेरणास्रोत स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल की 18वीं पुण्यतिथि 1 मार्च 2026 को श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रातः 9ः30 बजे से दोपहर 1ः30 बजे तक राधी देवी पोलिक्लीनिक, अमरावती एन्क्लेव, पंचकूला में निःशुल्क मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया। शिविर का शुभारंभ कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा तथा पंचकूला के पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने किया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी और लगभग 350 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक शक्ति रानी शर्मा ने चिकित्सकों एवं जांच करवाने आए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाते रहना चाहिए, ताकि बीमारियां प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ में आ सकें और उनका उचित उपचार संभव हो सके।

पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने बताया कि स्व. लाला अमरनाथ अग्रवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष यह स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। इस अवसर पर हरगोविंद गोयल, मयंक गोयल, अंजु गोयल, नेहा गोयल, सुरभि गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और सभी ने स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सम्मेलन**

### सेक्टर 11 में भव्य हिंदू सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

# 'स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज की गउपस्थिति ने प्रदान की आध्यात्मिक ऊर्जा'

**पंचकूला।** सेक्टर 11 में हिंदू सम्मेलन अत्यंत उत्साह, श्रद्धा एवं संगठनात्मक एकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में 500 से अधिक सेक्टर वासियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

समिति के उपाध्यक्ष स्वर्ण कुमार सिंगला ने बताया कि में परम श्रद्धेय स्वामी श्री श्री सम्पूर्णानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की।

मुख्य वक्ता श्रीमति पूनम वधवा ने समाज में एकता, संस्कार एवं राष्ट्रहित में सहभागिता का संदेश दिया। मंचासीन प्रमुख डा. ऋषि नागपाल ने संगठन की शक्ति और सामाजिक जागरूकता पर प्रकाश डाला। मातृशक्ति के रूप में श्रीमति अन्नू बेरवाल एवं श्रीमति रेणु मधोक की उपस्थिति विशेष रही।



विचार प्रकटीकरण करने वाली मातृशक्ति श्रीमति पुरी, श्रीमति उषा जौली, श्रीमति सारिका बंसल, श्रीमति सुनीता जैन एवं श्रीमति स्नेह सूद ने अपने प्रेरणादायक विचारों से उपस्थित जनसमूह को उत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक योगेश भसीन ने सभी संतजन, अतिथियों एवं सेक्टरवासियों का आभार व्यक्त किया। महासचिव डॉ. अश्विनी, योगेश जिंदल, राकेश कुमार जगोता एवं शिव कुमार सिंगला ने सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं जयघोष के साथ हुआ। सम्मेलन ने समाज में एकता, संगठन एवं सांस्कृतिक जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

### सेक्टर-21 में हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**पंचकूला।** सेक्टर-21 पंचकूला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हरिद्वार से महामंडलेश्वर स्वामी यमुनापुरी जी महाराज पहुंचे। जिन्होंने हिंदुओं को जातपात छो?कर एकजुट होने का आहवान किया। यह आयोजन श्री शिव मंदिर प्रबंधक कमेटी की ओर से किा गया। आयोजन समिति के प्रबंधक नीरज पराशर, विपिन लिड्डू, विनीत जैन, निर्मल चंद धीमान ने बताया कि हिंदू सम्मेलन से जोड़ना और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। वर्तमान समय में सनातन मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता है तथा ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर अलका जोशी, रेणुका शर्मा, वंदना गर्ग, निशा सैनी, ध्यानचंद अवार्डी ओम प्रकाश, सुभाष बंसल, विनय अरोड़ा, दिलबाग सिंह, अशोक नारंग, संजीव दुग्गल, डॉ. पुनीत रावल, विजय पसरीजा, दीपक कुमार, संजय शर्मा, जयपाल गर्ग सहित वार्ड नंबर-13 के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे: केजरीवाल

- भाजपा के लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे, आज से बदलाव की गिनती शुरू
- मुझे गिरफ्तार कर संदेश दिया गया कि किसी ने ईमानदारी से काम किया, तो केजरीवाल जैसा हाल कर देंगे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली कर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे। ये लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे। आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते रहे कि दिल्लीवालों का 'बेटा' भ्रष्ट और है, लेकिन कोर्ट ने साफ कर दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार था, है और रहेगा। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया। आज देश का हर सेक्टर बर्बाद है। इस दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत विभिन्न प्रांतों से आए ''आप'' नेताओं, कार्यकर्ताओं और हजारों आम लोगों ने 'पढ़ा-लिखा दमदार है, मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार है' के जमकर नारे लगाए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने षड़यंत्र रच कर दिल्ली के लोगों को बहुत परेशान और दुखी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने शराब घोटाला किया है, केजरीवाल 100 करोड़ खा गया। दिन भर मीडिया में डिबेट चलता था। दिल्ली के लोगों को बहुत दुखी किया। जज साहब ने फैसला सुनाया है कि मोदी जी झूठ बोल रहे हैं, केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। पूरा केस फर्जी है, कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि सदियों के बाद ऐसा फैसला आया है। मोदी जी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को ठिकाने लगाने के लिए पूरे केस को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे थे कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह छूटना नहीं चाहिए। कोर्ट का यह फैसला मोदी जी, अमित शाह और भाजपा के गाल पर जोरदार तमाचा है।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। जब मैं आईआईटी में पढ़ता था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आए। मैं चाहता तो नौकरी करने अमेरिका जा सकता था। मेरे बहुत सारे दोस्त विदेश गए हैं। लेकिन उस समय मेरे मन में ख्याल आया कि देश का बहुत बुरा हाल है। अगर बड़े-बड़े संस्थाओं से पढ़ कर सारे लोग विदेश चले जाएंगे तो अपने देश को कौन संभालेगा, कौन ठीक करेगा। मैं अमेरिका नहीं गया। मैं अपने देश में रहा और इनकम टैक्स विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर की नौकरी करने लगा। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पास एक सीए आया और उसने अपना केस करवाया और कहा कि सेवा बताइए। बोला कि कितने पैसे लगेंगे? मैंने कहा कि मैं रिश्वत नहीं लेता। उसने कहा कि आपके नाम पर पैसे लाया हूं, नहीं लेंगे तो खुद रख लूंगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे पूरे विभाग में फैल गया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। एक पैसा नहीं लेता है। पूरे विभाग के लोग मेरी ईमानदारी की कसमें खाया करते थे। फिर किस्मत ने मुझे दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। 10 साल दिल्ली का मुख्यमंत्री रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पता नहीं क्यों मुझसे नफरत करते हैं? मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा। इसके बाद भी मोदी जी ने मेरे खिलाफ पता नहीं कितनी जांच करवाई। लेकिन 10 साल के अंदर एक रुपए का भ्रष्टाचार नहीं मिला। इन 10 सालों में पता नहीं कितनी फाइलों पर साइन किए थे। कोई एक ठेकेदार खड़ा होकर कह दे कि केजरीवाल ने पैसे मांगे थे, मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मैंने अपने जीवन सिर्फ ईमानदारी कमाई हैं। क्योंकि मैं भारत से बहुत प्यार करता हूं। जब कोई देश से गद्दारी करता है और अपमान करता है तो खून खौल उठता है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में टूजी, कॉमनवेल्थ, कोयला समेत अन्य घोटालों से लोग परेशान हो गए थे। 2014 में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों के साथ मोदी जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि अब देश बदलेगा, मोदी जी कुछ करेंगे। मोदी जी को प्रधानमंत्री बने 12 साल हो गए, लेकिन जनता को कुछ नहीं मिला। लोगों की जिंदगी नहीं सुधरी। न अच्छी सड़कें हैं, न पीने का पानी है, न सीवर है, न 24 घंटे बिजली है, हवा में प्रदूषण है। इन 12 साल में इन लोगों ने देश का बेड़ा गर्क कर दिया। देश का एयरलाइन, रेलवे, बैंक, स्कूल, अस्पताल समेत हर सेक्टर बर्बाद है। 12 साल में इन लोगों ने देश को बर्बाद कर दिया।

अरविंद केजरीवाल ने एक बच्चे का उदाहरण बताते हुए कहा कि पिछले 12 साल में मोदी जी हर रोज परीक्षा पर चर्चा करते हैं। मैंने उनकी परीक्षा पर सारी चर्चा सुनी है। जब मैं बड़ा हो गया और प्रतियोगिता की परीक्षा देने गया तो पता चला कि पेपर लीक हो गया। मोदी जी को परीक्षा पर चर्चा की नौटंकी बंद कर देनी चाहिए। मोदी जी को सिर्फ नौटंकी करनी आती है। पूरे देश में पेपर लीक हो रहे हैं, बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और मोदी जी परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दुबई, अमेरिका, टोक्यो, जर्मनी, फ्रांस समेत अन्य देशों की सड़कें बहुत शानदार हैं। गाड़ियां 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौ?ती हैं, लेकिन गुजरात में 30 किमी रफ्तार से गाड़ियां दौड़ती हैं। राजकोट से जूनागड़ 104 किमी है। इतना सफर तय करने में 4 घंटे लगते हैं। क्योंकि सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं। सारी दुनिया चांद पर पहुंच गई, लेकिन 12 साल में मोदी जी से सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए, सीवर के ढक्कन नहीं लगे। लंदन, टोक्यो, पेरिस, फ्रांस, न्यूयार्क के शहर बहुत साफ सुथरे हैं, सड़क पर जरा सा मिट्टी का तिनका नहीं मिलता है। श्रीलंका, भूटान, मलेशिया, रावांडा, वियतनाम जैसे गरीब देश भी साफ-सुथरे हैं। मोदी जी से 12 साल में देश की सफाई नहीं हुई, लानत हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2014 तक बीजिंग में भारत से ज्यादा प्रदूषण होता था, लेकिन 12 साल में बीजिंग ने अपना प्रदूषण खत्म कर दिया।

### प्रधानमंत्री में हिम्मत है तो असली भ्रष्टाचारियों पर एक्शन लेकर दिखाएं

केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि केजरीवाल भ्रष्ट है, लेकिन कोर्ट ने कह दिया केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। मोदी जी भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं और हिम्मत है तो कार्रवाई करके दिखाओ। गुजरात में 20 हजार करोड़ रुपए का कोकीन हेरोइन पक?ा गया। मोदी जी में हिम्मत है तो उन पर कार्रवाई करके दिखाएं। गुजरात में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए की नकली दारू बिकती है, मोदी जी में हिम्मत है तो इसे बंद करके दिखाएं। मोदी जी ने अपने एक दोस्त को अरबों खरबो रुपए कीमत की एक हजार एकड़ जमीन एक रुपए में दे दी। अगर हिम्मत है तो एक्शन लेकर दिखाएं। मोदी जी ब्रिज और पुलों का उद्घाटन करके आते हैं। उद्घाटन किए एक महीना नहीं होता है और ब्रिज गिर जाता है, सड़क टूट जाती हैं। मोदी जी में हिम्मत है तो वहां एक्शन लेकर दिखाएं। पूरे देश में पेपर लीक हो रहा है, यहां एक्शन लेकर दिखाएं। लेकिन मोदी जी यहां एक्शन नहीं लेंगे। क्योंकि मोदी जी खुद उस घोटाले में शामिल हैं या उनकी पार्टी के लोग शामिल हैं या फिर उनके दोस्त शामिल हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भ्रष्टाचारी मैं नहीं, बल्कि मोदी जी खुद भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लेकिन मोदी जी वास्तव में भ्रष्टाचार करने वालों को जेल में नहीं डालेंगे, बल्कि सोनम वांगचुक, मेहराज मलिक, नरेश बाल्यान, केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को जेल में डालेंगे। सोनम वांगचुक बहुत बड़े वैज्ञानिक हैं। उनको पदम् श्री, पदम् भूषण मिलना चाहिए। बच्चों की प?ाई के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया है। लेकिन मोदी जी ने सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया।

## गैंगस्टरों पर वार का 40वां दिन: पुलिस ने 499 स्थानों पर छापेमारी; 179 गिरफ्तार

- पुलिस टीमों ने 80 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई, 113 को पूछताछ के बाद रिहा किया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रही निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरों पर वार' के 40वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित एवं मैप किए गए 499 ठिकानों पर एक साथ विशेष छापेमारी अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान की शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा की गई थी।

इस अभियान का उद्देश्य पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाना है। इस मुहिम के तहत एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें लगातार संयुक्त और समन्वित कार्रवाई कर रही हैं।

अभियान के 40वें दिन पुलिस ने 179 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 4 हथियार बरामद किए। अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 12,203 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 80 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 113 व्यक्तियों को पूछताछ और जांच के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान 7 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया गया।

जनता गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों के संबंध में एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गोपनीय रूप से सूचना दे सकती है। प्राप्त हर सूचना को पूर्ण गोपनीयता के साथ लिया जाएगा।

इस दौरान 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के 365वें दिन पुलिस ने 86 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 878 ग्राम हेरोइन, 105 किलोग्राम भुक्की, 523 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 3,720 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। पिछले 365 दिनों में कुल 51,734 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## अरब देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए कुलतार सिंह संधवां ने पीएम से किया त्वरित हस्तक्षेप का आग्रह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स.कुलतार सिंह संधवां ने ईरान-इज़राइल टकराव के दौरान दुबई हवाई अड्डे तथा विभिन्न अरब देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। र्तमान परिस्थितियों के कारण अनेक भारतीय नागरिकों के कठिनाई में फंसे होने की रिपोर्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए स्पीकर ने जोर देकर कहा कि भारत सरकार को उनकी सुरक्षित एवं सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।



स.कुलतार सिंह संधवां ने इस मामले में प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप की अपील करते हुए आग्रह किया कि वे संबंधित मंत्रालयों और प्राधिकरणों को तुरंत निर्देश जारी करें, ताकि प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था सहित आवश्यक कूटनीतिक और प्रशासनिक कदम तत्काल उठाए जा सकें। उन्होंने बल देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे संकटपूर्ण हालात के दौरान त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक होती है, ताकि कोई भी भारतीय नागरिक सहायता से वंचित न रहे।

## भाजपा की मोगा में होने वाली रैली के लिए नयागांव के प्रमोद कुमार को प्रभारी व संजय गुप्ता को सह प्रभारी किये नियुक्त: भूपेंद्र

पंचकूला ऑब्जर्वर

**न्यू- चंडीगढ़।** आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल नयागांव की कार्यकारिणी बैठक नयागांव भाजपा मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भूपी के निवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा की कार्यकारिणी सदस्यों एवं पार्षदों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 मार्च को पंजाब के मोगा में होने वाली भारतीय जनता पार्टी की विशाल रैली की तैयारियों पर चर्चा करना था। जिसमे भारत के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी रैली को सम्बोधित करेंगे । नयागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भूपी ने सभी मे कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों को उनकी-अपनी जिम्मेदारियां सौंपी तथा निर्देश दिए कि इस रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाए। सभी कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा रैली की भव्य सफलता सुनिश्चित करेंगे इस रैली के लिए प्रमोद कुमार को प्रभारी और संजय गुप्ता को सह प्रभारी लगाया गया । इस मोके पर पूर्व पार्षद सुरेन्द्र बब्बल कोशिश,मक्खन सिंह नाडा,महासचिव सुरेश यादव , सचिव संजय गुप्ता,पार्षद प्रमोद कुमार,रिंकू नागरा,संदीप जॉनी , भाजपा युवा मोर्चा नयागांव के प्रधान शुभम शर्मा सहित सभी नयागांव मंडल के सदस्य पहुंचे थे ।



### ईरान-इजराइल युद्ध असर अमृतसर से कई उड़ाने रद्द-एयरलाइंस ने सुरक्षा कारणों से की कैंसिल

**अमृतसर।** मध्य-पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से खाड़ी देशों के लिए उड़ान भरने वाली कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे सैकड़ों यात्री हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। बता दे कि ईरान पर हुए हमलों के बाद कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। वहीं सुरक्षा कारणों से अमृतसर से दुबई, शारजाह, मस्कट और दोहा जाने वाली लगभग 10 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। रविवार होने के कारण हवाई अड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। अचानक मिली इस जानकारी से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि उन्हें अपनी नौकरी पर वापस लौटना था। दोहा जाने वाले यात्री अरविंदर सिंह ने बताया, 'मैं पिछले दो साल से दोहा में लेबर का काम कर रहा हूँ। छुट्टी काटकर आज वापस जाना था, लेकिन एयर इंडिया ने बताया कि उड़ान रद्द है।


### फॉर्म– IV

**(प्रेस एवं पंजीकरण पुस्तिका अधिनियम, 1867 के अंतर्गत)**
**(नियम 8 के अनुसार विवरण)**

1. समाचार पत्र का नाम - पंचकूला ऑब्जर्वर
2. प्रकाशन की आवृत्ति - दैनिक
3. भाषा - हिंदी
4. प्रकाशक का नाम - श्री शिवम ग्रोवर
5. मुद्रक का नाम - ईशान प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड
6. संपादक का नाम - श्री अरुण ग्रोवर
7. स्वामी का नाम - श्री शिवम ग्रोवर
8. मुद्रण स्थल का पूरा पता - ईशान प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड भूता प्लॉट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला
9. प्रकाशन स्थल का पूरा पता - पंचकूला ऑब्जर्वर प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला
10. प्रधान संपादकीय नियंत्रण का स्थान - पंचकूला, जिला पंचकूला, हरियाणा
11. आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या - HRBIL/25/3417

**मैं, श्री शिवम ग्रोवर, यह घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।**

दिनांक : 01-03-2026
स्थान : पंचकूला

हस्ताक्षर
(शिवम ग्रोवर )
प्रकाशक एवं स्वामी


### गवंत मान सरकार ने 'नौकरी मांगने वालों' को 'नौकरी देने वालों' में बदला

## चंडीगढ़ में पहले 2 दिवसीय विद्यार्थी उद्यमी कैंप की शुरुआत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** भगवंत मान सरकार ने राज्य के युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला बनाने वाले पारंपरिक शिक्षा मॉडल को बदलकर उन्हें योजनाबद्ध तरीके से रोजगार सृजनकर्ता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी दृष्टिकोण के तहत, पंजाब सरकार द्वारा राज्यभर के सरकारी आईटीआई और सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों से चयनित 40 उच्च संभावनाशील युवा उद्यमियों के लिए महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एमजीसीपा), चंडीगढ़ में पहला दो-दिवसीय आवासीय स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैंप आयोजित किया गया।

यह केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि एक त्रैमासिक श्रृंखला की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य युवा-नेतृत्व वाले उद्यमों का निर्माण करना और यह सुनिश्चित करना है कि पंजाब में तकनीकी शिक्षा सीधे व्यापार वृद्धि, आय सृजन और स्थानीय रोजगार के अवसरों से जुड़ी हो।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने 322 आईटीआई और 91 पॉलिटेक्निक संस्थानों में उद्यमिता मानसिकता/व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किया है, जिनमें 137 सरकारी आईटीआई और 26 सरकारी पॉलिटेक्निक शामिल हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थी केवल प्रमाणपत्र प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक व्यावसायिक विचारों का विकास भी करें।आज पंजाब भर में 36,139 विद्यार्थी (28,967 आईटीआई से और 7,172 पॉलिटेक्निक से) केवल सैद्धांतिक रूप से उद्यमिता का अध्ययन नहीं कर रहे, बल्कि एक संरचित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यावसायिक विचारों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वे वास्तविक ग्राहकों की समस्याओं की पहचान कर रहे हैं, उत्पाद एवं सेवाएं डिज़ाइन कर रहे हैं, विचारों का परीक्षण कर रहे हैं, प्रोटोटाइप बना रहे हैं, ग्राहकों तक पहुंच बना रहे हैं और राजस्व अर्जित कर रहे हैं।

पहले बूटकैंप के लिए 40 वास्तविक छात्र-नेतृत्व वाले उद्यमों का चयन किया गया है, जो खुदरा, पेशेवर सेवाएं, ई-कॉमर्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म, इंजीनियरिंग सेवाएं, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। बूटकैंप के लिए चयनित 40 युवा उद्यमियों (20 सरकारी आईटीआई और 20 सरकारी पॉलिटेक्निक से) का चयन कोर्स पूर्णता, असाइनमेंट की गुणवत्ता, व्यावसायिक विचार की स्पष्टता, ग्राहक तक पहुंच के प्रयास, प्रोटोटाइप निर्माण, सेवा प्रदान करने और राजस्व सृजन के आधार पर किया गया। ये प्रतिभागी अमृतसर और गुरदासपुर से लेकर फिरोजपुर और फाजिल्का तक; लुधियाना और बठिंडा से रूपनगर और एस.ए.एस. नगर तक पूरे पंजाब का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## किसान संगठन केएमएम ने चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन कर सरकार को दी चेतावनी

**चंडीगढ़, 1 मार्च।** चंडीगढ़ में किसान संगठन केएमएम की ओर से आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में संगठन ने पंजाब सरकार के खिलाफ लंबित मांगों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है।

केएमएम नेता लोंगोवाल ने रविवार को कहा कि पंजाब सरकार के साथ कई मुद्दे लंबे समय से लंबित पड़े हैं। उन्होंने मांग की कि शंभु और खनोरी मोर्चे के दौरान हुए नुकसान की तीन करोड़ 77 लाख 948 रुपये की भरपाई की जाए।

इसके अलावा आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग पूरी करने की आपील की। किसान नेता ने कहा कि सीड बिल और बिजली बिल को लेकर भी सरकार स्पष्ट रुख अपनाए और किसानों को राहत दे। उन्होंने घोषणा की कि 19 मार्च को पहला मोर्चा अमृतसर में शुरू किया जाएगा, जिसके बाद आंदोलन को पूरे पंजाब स्तर पर विस्तारित किया जाएगा। किसान नेता बेहराम ने गुरदासपुर में दो पुलिस कर्मचारियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवारों के साथ संवेदना प्रकट की। साथ ही उन्होंने हाल ही में हुए एक युवक के एनकाउंटर मामले में उसके परिवार के साथ खड़े होने की बात की। किसान संगठन केएमएम ने समाना में गुरजीत सिंह टावर पर चल रहे धरने को भी समर्थन देने का ऐलान किया। 6 मार्च को बठिंडा में होने वाले बड़े इकट्ठ को भी संगठन ने अपना समर्थन दिया है।

### पंजाब को नागरिक-केंद्रित सुधारों के लिए मिला प्रतिष्ठित 'डिजिटल एक्सीलेंस अवॉर्ड'

## तकनीक आधारित प्रशासन हमारी प्रमुख प्राथमिकता: अमन अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** नागरिक-केंद्रित सुधारों के तहत पारदर्शिता, दक्षता और जन सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए तकनीक के प्रभावी उपयोग में अग्रणी पहलों के चलते पंजाब सरकार को टेक्नोलॉजी सभा 2026 के दौरान प्रतिष्ठित 'डिजिटल एक्सीलेंस' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

पंजाब के सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डायरेक्टर विशेष सारंगल ने राज्य सरकार की ओर से यह पुरस्कार हैदराबाद में इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा आयोजित टेक्नोलॉजी सभा 2026 के दौरान प्राप्त किया। इस समारोह में देशभर के शीर्ष तकनीकी विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया।

इस पुरस्कार को राज्य के नागरिकों और विभागीय टीम को समर्पित करते हुए सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि यह सम्मान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा पारदर्शी, पेपरलेस और जवाबदेह प्रशासनिक ढांचा स्थापित करने के प्रयासों का परिणाम है।

अमन अरोड़ा ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राज्य सरकार के सुशासन और नागरिक-केंद्रित सुधारों के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय 'विचौलिया संस्कृति' को समाप्त करने और नागरिकों को उनके घर-द्वार पर सम्मानजनक एवं सहज सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल परिवर्तन केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था में जनता के विश्वास को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।



उन्होंने राज्य सरकार की अभिनव डिजिटल पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवंत मान सरकार आपके द्वार÷ योजना के तहत नागरिक हेल्पलाइन नंबर 1076 पर कॉल करके घर बैठे 430 से अधिक सरकारी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। अब नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि पंजाब के सरपंचों, नंबरदारों और नगर काउंसिलरों (एमसी) को ऑनलाइन आवेदनों की सत्यापन प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया गया है, जिससे आवश्यक प्रमाण-पत्रों के जारी होने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय तेजी आई है और तकनीक को जमीनी नेतृत्व से जोड़ा गया है। पटवारियों और फील्ड स्टाफ की सफल ऑनबोर्डिंग के बाद राज्य सरकार द्वारा 12.5 लाख से अधिक आवेदनों पर ऑनलाइन कार्रवाई की जा चुकी है। इस डिजिटल एकीकरण के परिणामस्वरूप लंबित मामलों की दर मात्र 0.33 प्रतिशत रह गई है, जो सिस्टम की दक्षता को दर्शाती है।

इसके अतिरिक्त, एम-सेवा और कनेक्ट पंजाब एक एकीकृत मोबाइल प्लेटफॉर्म और मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली प्रदान करते हैं, जिससे नागरिक अपने आवेदनों की ट्रैकिंग कर सकते हैं और वास्तविक समय में फीडबैक दर्ज करा सकते हैं। इससे हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है।

भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए श्री विशेष सारंगल ने कहा, ÷हम इस उपलब्धि तक सीमित नहीं रहेंगे। पंजाब की डिजिटल यात्रा के अगले चरण में सेवा वितरण को और अधिक सरल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) को एकीकृत किया जाएगा।

हमारा लक्ष्य आय, निवास और जाति प्रमाण-पत्र सहित सभी प्रमुख सेवाओं के लिए 100 प्रतिशत पेपरलेस और कॉन्टैक्टलेस इकोसिस्टम स्थापित करना है। यह पुरस्कार लालफीताशाही को पूरी तरह समाप्त करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा तथा आम नागरिकों के लिए हर सरकारी सेवा को एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा।

## एक नजर

### मैना कॉम्प्लेक्स में होली मिलन समारोह

**रोहतक.** सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सोनी द्वारा मैना टूरिस्ट Comple& में रंगों और फूलों से सजा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों तथा मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के स्टाफ ने भाग लिया और आपसी सौहार्द के वातावरण में होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मीडिया मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए संजय राठी ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, जो शीत ऋतु के समापन और नए उत्साह व सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। संजय राठी ने राज्य में पर्यटन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटन संस्थान प्रेम, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य कर राज्य की संस्कृति, रोजगार और आर्थिक विकास को गति देते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाएँ। कार्यक्रम के आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सोनी ने समारोह में उपस्थित सभी मीडिया प्रतिनिधियों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद किया और कहा कि मीडिया समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों एवं प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं।

### किसान मजदूर जनक्रांति रैली 23 मार्च को

**लाडवा.** भारतीय किसान यूनियन किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान करवाने में निरंतर कार्य कर रही है। किसानों की मांगों व समस्याओं को लेकर भाकियू 23 मार्च को पिपली की अनाज मंडी में किसान मजदूर जनक्रांति रैली करेगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए भाकियू कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। लाडवा में पहली बार लगे प्रदेश स्तरीय कृषि विकास मेले में प्रदेश भर से आ रहे किसानों को भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष योगेश खुब्बड गूढ़ा न केवल अपनी टीम के साथ जनक्रांति रैली को न्यौता दे रहे है, बल्कि पोस्टर बांटकर व चिपकाकर रैली को खूब प्रचार-प्रसार भी कर रहे है। रविवार को कृषि विकास मेले में प्रचार करते हुए यूवा जिलाध्यक्ष योगेश खुब्बड़ ने बताया कि 23 मार्च को पिपली की अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन( चढूनी ग्रुप) द्वारा किसान मजदूर जनक्रांति रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में प्रदेश भर से किसान व मजदूर भाग लेंगे, बल्कि रैली को सफल बनाने में प्रदेश के यूवा किसानों की अहम भूमिका होगी। रैली का मुख्य उद्देश्य धान घोटाले की सी.बी.आई.जांच, एम.एस.पी.गारंटी कानून बनाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य फ्री इलाज करने, नया बीज और बिजली कानून रद्द करने सहित किसानों को कर्ज माफ करने व अमेरिका से ट्रेड डील रद्द करवाना है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती उनका संघर्ष जारी रहेगा और भाकियू नेता गुरनाम ङ्क्षसह चढूनी की अध्यक्षता में इसी तरह संघर्ष जारी रहेगा।

### सेवानिवृत जवान का किया शाही स्वागत

**निसिंग.** सीमा सुरक्षा बल के जवान पालीराम की सेवानिवृति को खास बनाने के लिए ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। जिसे निसिंग बस अड्डा से चोरकारसा गांव तक खुली जीप में डीजे के तिरंगे झंडे लहराते हुए धूमधाम से गांव ले जाया गया। जिनके आगे बाइक सवार युवाओं की टोलिया और पीछे कारो में सवार ग्रामीण थे। इससे पहले जवान को बस अड्डा पर फूलो और नोटो की मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि सेना में उन्होंने 39 वर्ष तक विभिन्न पदों पर अपनी सेवाए दी। गांव में भी उनका जोरदार स्वागत किया गया। घर पर बधाई देने वाले ग्रामीणों का तांता लगा रहा। जवान स्वर्गीय नेतराम के सुपुत्र है। जो एक किसान थे। उन्होंने युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का संदेश दिया। घर पहुंचने से पहले इन्होंने मंदिरो में माथा टेक आशीर्वाद लिया।

### दो दिवसीय मेले का समापन

**लाडवा.** लाडवा खंड के गांव बडौंदा में चल रहा बाबा नाहर ङ्क्षसह देवता के दो दिवसीय मेला रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। मेले के साथ-साथ मेले में चल रहा दो दिवसीय सांग भी संपन्न हो गया। गत दिवस खंड के गांव बडौंदा में बाबा नाहर ङ्क्षसह देवता का दो दिवसीय मेला शुरू हुआ था। मेले को लेकर गांव वासियों व मंदिर कमेटी द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मेले के पहले ही दिन सुबह से श्रद्धालुओं ने बाबा नाहर ङ्क्षसह देवता के मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की, मंदिर में बनी बम्बी में दुध चढ़ाकर मन्नतें मांगी। यह जानकारी भक्त लीला राम ने दी थी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस मेले में हरियणवीं सांग सहित विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। सांग में गांववासियों सहित आस-पास के गांववासियों ने पहुंचकर सांग का आनंद उठाया। मेले में आए श्रद्धालुओं को मंदिर की महानता बारे बताते हुए भगत लीला राम सहित ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर में बनी बम्बी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनी हुई है। क्योंकि अकसर समय-समय पर इस बम्बी से सांप निकलते रहते है, बल्कि इस बम्बी को दूध से ही भरा जा सकता है। बम्बी पर दुध चढ़ाकर श्रद्धालु अपनी मन्नतें मांगते है। कहते है कि मंदिर में आकर दुध चढ़ाने से उनकी हर मन्नत पूरी होती है। मेले के अंतिम दिन भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दूध चढ़ाया व मन्नतें मांगी तथा सांग का आनंद भी उठाया।

### पंच परिवर्तन से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है: प्रान्त प्रमुख हरीश

**घरौंडा.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा कालरों मण्डल के अराईपुरा शिव मंदिर में रविवार को समस्त हिंदू समाज की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया। रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि सतपाल सिंह सरपंच कैरवाली,विशिष्ट अतिथि सोमपाल पूर्व डारेक्टर शुगर मिल, स्वामी दिव्यानंद योगीराज, स्वामी माधव आचार्य, मुख्य वक्ता ग्राम विकास गतिविधि प्रान्त प्रमुख हरीश, कार्यक्रम अध्यक्ष सूबेदार बलबीर सिंह,खण्ड कार्यवाह योगेश कुमार,खंड प्रचार प्रमुख लखविंद्र ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्राम विकास गतिविधि प्रान्त प्रमुख हरीश ने बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि भारत कोई सामान्य भूमि का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह वह पुण्य धरा है जहाँ का सनातनी हिंदू सदैव 'विश्व कल्याण' की भावना से ओतप्रोत रहता है। उन्होंने इतिहास के कठिन कालखंडों और राष्ट्र पर हुए विदेशी अत्याचारों का स्मरण कराते हुए समाज को सीखने का आह्वान किया। संघ के 'पंच परिवर्तन' के संकल्प सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य को उन्होंने समाज शक्ति के माध्यम से लागू करने की बात कही। उसी सोच को लेकर 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई थी।उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस दिन समस्त हिन्दू समाज जागृत हो जाएगा उस दिन भारत को विश्व शक्ति और विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। वक्ता स्वामी दिव्यानंद योगीराज ने कहा कि हम हिंदू हैं और जातियों में बंटे हुए हैं लेकिन हमें जातियों में नहीं बंटना चाहिए। हमारी सिर्फ एक ही जाति है और वह है मनुष्य जाति। वर्तमान समय में हिंदू सम्मेलनों की महत्ता बढ़ गई है क्योंकि हमें जाति और वर्ग के भेदों को मिटाकर एक सूत्र में पिरोना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन और मूल्य आधारित संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पहला विषय कुटुम्ब प्रबोधन है। आज छोटे परिवार और आपसी तनाव बढ़ने से रिश्तों में जुड़ाव कमजोर हो रहा है, जो राष्ट्र के लिए घातक है। उन्होंने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में जातिवाद और छुआछूत जैसे भेदभाव बढ़ रहे हैं, जिन्हें समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है।



## गुर्जर भवन पंचकूला में होली मिलन समारोह

**पंचकूला।** गुर्जर कल्याण परिषद द्वारा पंचकूला स्थित गुर्जर भवन में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैली चौधरी (विधायक, नारायणगढ़) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सीमा चौधरी पूर्व प्रधान के रूप में विशेष रूप से मौजूद रहीं। दोनों अतिथियों का स्वागत भवन के प्रधान शिवपाल गुर्जर एवं परिषद के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर प्रधान शिवपाल गुर्जर ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे त्योहार समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर ने कमेटी की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही, जिससे आयोजन और भी उत्साहपूर्ण एवं रंगारंग बन गया। होली के गीतों, आपसी मिलन और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने सभी को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर अजमेर सिंह, राय सिंह, सतपाल सिंह, जोगिन्दर सिंह, हुकम सिंह वर्मा, संतोष, सुनीता, रितु सिंह, किरण एवं स्टेफी सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# नायब सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं : मोहन लाल बड़ौली

● **नायब सैनी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है**

पंचकूला ऑब्जर्वर





**चंडीगढ़.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची केवल मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध करवा रही है। ये बातें श्री बड़ौली ने रविवार को सोनीपत के गांव नाहरी में "द स्टैनफोर्ड जूनियर स्कूल" के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। उन्होंने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार को निरंतर बढ़ावा देते हुए हर संभव सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कॉलेजों की संख्या बढ़ा रही है। हर 20 किलोमीटर पर एक कॉलेज स्थापित किया जा रहा है ताकि लड़कियों को शिक्षा के लिए दूर ना जाने पड़े। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में 2014 में भाजपा की सरकार बनी और सरकार ने सुशासन व्यवस्था लागू कर पारदर्शी तरीके से काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं का विश्वास सरकार के प्रति लगातार बढ़ रहा है। युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नायब सैनी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। किसान, युवा, महिला और गरीब व्यक्ति को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार नीतियां बनाकर धरातल पर उतार रही है जिनका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये की वितीय सहायता दी जा रही है। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए सरकार द्वारा हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व स्पष्ट है। भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व हरियाणा में नॉन स्टॉप विकास के कार्य हो रहे हैं। गरीब लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के गरीबों का फ्री में इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### जीएमएन कॉलेज में 56 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन

**अम्बाला.** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन ने महाविद्यालय की समग्र शिक्षा और शारीरिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दलिप कुमार मित्तल, सदस्य, गवर्निंग बॉडी और उनकी धर्मपत्नी सुधा मित्तल द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण और उत्तम स्वास्थ्य में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को अध्यक्ष डॉ गुरदेव सिंह प्रधान गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, गवर्निंग समिति, आलोक गुप्ता, वित्तीय सचिव, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और डी.एस. माथुर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## हरियाणा ने वित्तीय वर्ष में देश में सकल एसजीएसटी संग्रह में उच्चतम वृद्धि दर्ज की : आयुक्त

**पंचकूला.** हरियाणा आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया की वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में, हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 22त्न की रिकॉर्ड दर से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया की हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह (सेटलमेंट के बाद) वर्तमान वित्तीय वर्ष में 44,460 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के फरवरी तक के संग्रह से 7,918 करोड़ रुपये अधिक है। इस वित्तीय वर्ष में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है, जो देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का सकल एसजीएसटी संग्रह वर्तमान वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय औसत 6त्न की दर से बढ़ा है। फरवरी के महीने में भी, हरियाणा की सकल एसजीएसटी वृद्धि दर पिछले वर्ष के फरवरी के महीने की तुलना में 23त्न की वृद्धि के साथ उच्च बनी हुई है। विनय प्रताप सिंह ने बताया कि सितंबर 2025 में जीएसटी परिषद द्वारा किए गए जीएसटी दर संबंधित सुधारों के बाद के महीनों में भी, हरियाणा एसजीएसटी संग्रह में उच्च वृद्धि दिखा रहा है, जो न केवल कुशल कर प्रशासन को दर्शाता है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की स्वस्थ स्थिति को भी दर्शाता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सितंबर 2025 में आयोजित जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दर संबंधित सुधारों का स्वागत और समर्थन किया था और प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया था। आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि हरियाणा में कुल 6,22,478 जीएसटी करदाता हैं और जीएसटी कानून के तहत पंजीकरण की सुविधा के लिए हरियाणा के सभी जिलों में जीएसटी सुविधा केंद्र खोले गए हैं। आयुक्त ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जीएसटी व्यवस्था में किए गए कई सुधारों और हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनाई गई बेहतर कर विश्लेषण प्रणालियों के कारण राज्य में जीएसटी वृद्धि मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि जीएसटी नियमों में नवीनतम संशोधनों के साथ, जीएसटी के तहत पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया में सुधार किया गया है, जिससे कम जोखिम वाले और छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करना आसान हो गया है तथा साथ में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि नकली और धोखाधड़ी वाले आवेदकों को संचालित करने की अनुमति न दी जाए। आयुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य आबकारी और वैट/सीएसटी संग्रह में भी वृद्धि दिखाई दे रही है।

## ट्रेड डील पर सरकार स्पष्ट करे स्थिति, विरोधाभासी बयान देना बंद करे : सैलजा

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सिरसा की सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा चलाए गए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के साथ मिलकर किया। यह अभियान देशहित से जुड़े गंभीर आर्थिक और कृषि प्रश्नों पर जनमत संगठित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ कथित ट्रेड डील को लेकर देशभर में भ्रम और आशंकाएं बनी हुई हैं। एक ओर सरकार के प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय समझौते की चर्चा करते हैं, वहीं दूसरी ओर यह कहा जा रहा है कि अभी तक कोई डील नहीं हुई। इस प्रकार के विरोधाभासी बयान जनता को गुमराह करने वाले हैं। सरकार को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है और यदि कोई वार्ता या समझौता हुआ है तो उसकी शर्तें सार्वजनिक की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती। देश की कृषि और स्थानीय बाजारों को प्रभावित करने वाले निर्णय बिना व्यापक चर्चा, पारदर्शिता और जवाबदेही के नहीं लिए जाने चाहिए। लोकतंत्र में जनता को विश्वास में लेना सरकार की जिम्मेदारी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का जनआंदोलन है। जब तक केंद्र सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी सार्वजनिक नहीं करती तथा देशहित के प्रतिकूल किसी भी निर्णय पर पुनर्विचार नहीं करती, तब तक यह अभियान देशभर में चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि है और कांग्रेस पार्टी उस आवाज को मजबूती देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में ही रहने से विकास प्रभावित हुआ**

# पंजाब गुरुओं की धरती, तप-त्याग और बलिदान की भूमि है: सीएम सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है।

प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भावांतर भरपाई योजना से भी किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं और जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लंबे समय से पंचायती भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक भी प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से विकास प्रभावित हुआ है। अब राजनीति की दिशा बदलने का समय है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में योगदान देगा ताकि पंजाब को फिर से रंगला और खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में 31 प्रतिशत ओबीसी वर्ग है, यह मिलकर राजनीति की धुरी बने और राजनीतिक भूमिका को निभाये। सैनी ने कहा कि आज पंजाब के हालात बेहद खराब है। बेरोजगारी, नशा, अपराध और पलायन से जूझ रहे पंजाब को इन समस्याओं से निजात दिलाने का अब वक्त आ गया है। इस कार्य में सैनी समाज को बड़ी भूमिका निभानी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप लगाए, लेकिन इन आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने सैनी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सरदार महंगा सिंह और श्री हरि सिंह सैनी को समाज के हीरे बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि सैनी समाज नर सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। पंजाब में बाढ़ के समय समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहायता की। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के निर्माता नेकचंद सैनी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज में कला और संस्कृति की अमिट छाप छोड़ी है। मुख्यमंत्री को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों और स्कूली बच्चों को सम्मानित किया।

### सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को किया याद, विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**घरौंडा.** घरौंडा के गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अलग-अलग शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करना रहा। पूरे दिन स्कूल परिसर में विज्ञान को लेकर खास माहौल बना रहा। यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने 'रमन प्रभाव' की खोज कर भारत को विश्व पटल पर विशेष पहचान दिलाई थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान क्विज, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने अपने मॉडल, चित्रों और तर्कों के माध्यम से विज्ञान के अलग-अलग विषयों को प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ जवाब दिया। पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण, नई तकनीक और वैज्ञानिक खोजों जैसे विषयों को दर्शाया गया।

# विवादों में फंसी कुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा की 'द डायरी ऑफ मणिपुर'

आगामी फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर एक नए विवाद में घिर गई है। फिल्म के निर्देशक सनोज मिश्रा के खिलाफ मुंबई के डीएन नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत महाराष्ट्र स्टेट ग्लोबल क्रिश्चियन एक्शन कमेटी (विमेन) की अध्यक्ष चंदर कला सिंह द्वारा दी गई है। आरोप है कि फिल्म के कंटेंट और टीज़र के माध्यम से ईसाई धर्म और उससे जुड़े धार्मिक विश्वासों को ठेस पहुंचाई गई है। शिकायत में कहा गया है कि फिल्म में ऐसे दृश्य और संवाद दर्शाए गए हैं, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं, पूजा स्थलों के अपमान का संकेत देते हैं, धार्मिक सभाओं में व्यवधान जैसी स्थितियों को दिखाते हैं तथा विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने की आशंका उत्पन्न करते हैं। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराएं 295, 295ए, 296, 298 और 153ए का उल्लेख किया गया है। चंदर कला सिंह ने निर्माताओं से यह मांग भी की है कि फिल्म का टीज़र तुरंत यूट्यूब से हटाया जाए। उनका कहना है कि यह सामग्री आपत्तिजनक है और ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करती है। वहीं निर्देशक सनोज मिश्रा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अपने विरोधियों की साजिश बताया। उन्होंने कहा, यह मेरे दुश्मनों द्वारा किया गया एक परोक्ष हमला है। हमें इस देश के कानून पर पूरा विश्वास है। हम अपनी विधिक टीम से चर्चा कर रहे हैं और जल्द ही औपचारिक जवाब देंगे। फिलहाल पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और मामले की जांच जारी है। इस घटनाक्रम के बाद फिल्म उद्योग और सामाजिक संगठनों के बीच इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि जांच के बाद आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।






# नैना के किरदार में खुद को तलाशती दिखीं संदीपा धर, बताई इस फिल्म को करने की वजह






अभिनेत्री संदीपा धर हालिया रिलीज फिल्म दो दीवाने सहर में में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बाहर से एकदम परफेक्ट लगती है, लेकिन अंदर से वह बहुत अकेली और भावनात्मक रूप से टूटी हुई होती है। अभिनेत्री ने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म को चुनने की विशेष वजह नैना का किरदार बताया। उन्होंने कहा, फिल्म में नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण था। बाहर से वह परफेक्ट और खुशहाल दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर वह बहुत अकेली और इमोशनली टूटी हुई थी। फिल्म में मेरे इस सफर को गहराई से दिखाया गया है। बाहर की परफेक्शन और अंदर की उथल-पुथल को दर्शाना एक्टर के तौर पर मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था। अभिनेत्री ने आगे फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, बहुत समय बाद एक ऐसी लव स्टोरी दर्शकों के सामने आई है, जो आम नहीं है। यह दो लोगों की कमजोरियों की कहानी है, जो धीरे-धीरे अपनी कमियों को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाकर आगे बढ़ते हैं। अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर कहा कि ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं, जहां हीरो-हीरोइन अपनी कमजोरियों को जानते हुए भी एक-दूसरे को चुनते हैं। रिलीज के बाद संदीपा काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि यह वैसी ही बनी है, जैसा मैंने सोचा था। मेरा किरदार भी कुछ उसी तरह से देखा गया है। जब उम्मीदें पूरी होती हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे पता था कि सेकंड हाफ में मृणाल के साथ मेरा टकराव वाला सीन अगर सही से किया जाए तो हाइलाइट बनेगा और ऐसा ही हुआ। कई लोगों ने उस सीन की खूब तारीफ की और अपने से रिलेट किया। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है, वहीं संजय लीला भंसाली के साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभिनेत्री ने सभी की तारीफ करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन का हिस्सा बनना खास था, क्योंकि उनका विजुअल विजन बहुत मजबूत होता है। हमारे डायरेक्टर रवि उदयवार में भी विजुअल स्टोरीटेलिंग की गहरी समझ है। फिल्म में मुंबई और उत्तराखंड की खूबसूरती को जिस तरह दिखाया गया है, वह लाजवाब है। इससे पूरा अनुभव और मजेदार हो गया। उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा, फिल्म ने अपनी कहानी के जरिए कई गहरे मुद्दों को छुआ हैं, जैसे भाई-बहनों में तुलना, वैलिडेशन की जरूरत, सेल्फ-वर्थ, सिस्टरहुड, फैमिली वैल्यूज और परिवार में कभी-कभी होने वाली टॉक्सिसिटी भी। यह आज के रिश्तों और इमोशनल संघर्षों पर एक सच्चा नजरिया देती है।

### शिवालिका ओबेरॉय ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

# पति अभिषेक पाठक के काम को लेकर किया खुलासा



फिल्म खुदा हाफिज में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। शनिवार को उन्होंने अपनी प्रेग्नेंस जर्नी को लेकर एक खास अपडेट देते हुए बताया कि वे अब मदरहुड की तैयारी में पूरी तरह से जुटी हैं। शिवालिका ने इंस्टाग्राम पर अपने पति अभिषेक के साथ अपने हालिया मैटरनिटी शूट की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों साथ नजर आ रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। शिवालिका ने अपनी पोस्ट में मजाकिया अंदाज में इसे को-प्रोडक्शन बताया। उन्होंने लिखा, इसे को-प्रोडक्शन कहें।
अभिषेक पाठक (पति) इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म दृश्यम की शूटिंग में व्यस्त हैं और मैं एक इंसान को बनाने में व्यस्त हूं। डील हो गई। शिवालिका ने आगे लिखा कि अभिषेक प्रेग्नेंसी के दौरान ही दृश्यम 3 की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं उन्होंने इस खास सफर को ढेर सारी मैटरनिटी फोटोज के जरिए डॉक्यूमेंट करने का फैसला किया। उन्होंने लिखा, अभिषेक मेरी प्रेग्नेंसी के दौरान दृश्यम 3 शूट कर रहे हैं। अगर वे फ्री होते तो हम जितनी चाहें उतनी मैटरनिटी फोटो शूट करते। हालांकि, अभी दोनों प्रोडक्शन सफलतापूर्वक चल रहे हैं। शिवालिका ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने पहले भी अपने बेबी बंप को लेकर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। दृश्यम 2 के डायरेक्टर अभिषेक पाठक और अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय की लव स्टोरी 2020 में फिल्म खुदा हाफिज के सेट पर शुरू हुई थी। इस फिल्म को अभिषेक ने प्रोड्यूस किया था। पहली मुलाकात के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई और फिर अभिषेक ने तुर्की में शिवालिका को शादी के लिए प्रपोज किया। यह जोड़ा फरवरी 2023 में गोवा में शादी के बंधन में बंधा था। अब दोनों जल्द ही बचे का आगमन का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। शिवालिका की बात करें तो उन्होंने 2019 में रोमांटिक थ्रिलर ये साली आशिकी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट में सहायक निर्देशक के रूप में किक और हाउसफुल 3 से करियर शुरू किया था। हालांकि, अभिनेत्री को फिल्म खुदा हाफिज से यादा प्रसिद्धि मिली थी।

# छेलेधोरा में स्वास्तिका मुखर्जी का दमदार किरदार, मुश्किल हालातों में ताकत खोजने की कहानी

भारतीय सिनेमा में महिलाओं के जटिल किरदारों को लेकर दिखाई गई फिल्मों में अब दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में एक नई बंगाली फिल्म छेलेधोरा चर्चा में है, जो मां-बेटी के रिश्ते, अपराधबोध, और आत्म-खोज जैसी भावनाओं पर केंद्रित है। यह फिल्म एक इंडो-अमेरिकन प्रोडक्शन है और 1 मार्च से इसकी शूटिंग शुरू होने जा रही है। इस फिल्म में जानी-मानी अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया। फिल्म में स्वास्तिका बृष्टि नाम की एक तलाकशुदा महिला का किरदार निभा रही हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी जटिल है और उसमें कई कमियां हैं। स्वास्तिका ने फिल्म को लेकर कहा, यह कहानी उन पलों की है, जब इंसान खुद को सबसे कमजोर महसूस करता है, लेकिन उसी समय उसके अंदर से असली ताकत निकलती है। बृष्टि ऐसा किरदार है, जिसे पहली नजर में लोग शायद पसंद न करें, क्योंकि वह जल्दबाजी में फैसले लेती है और कई बार गलतियां करती है। लेकिन, अपनी बेटी के लिए उसका प्यार सच्चा और बेहद गहरा है। कहानी में बृष्टि अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए उसे बिना इजाजत अपने साथ ले जाती है। वह ऐसा कदम इमोशनल होकर उठाती है, लेकिन हालात अचानक गंभीर हो जाते हैं, जब बच्ची सच में किडनैप हो जाती है। इसके बाद, कहानी एक अलग मोड़ लेती है। बृष्टि को अपनी गलती सुधारने और बेटी को वापस लाने के लिए असामान्य रास्ता अपनाना पड़ता है। स्वास्तिका ने बताया, कहानी में उनका यह सफर सिर्फ एक मां की तलाश नहीं है, बल्कि



एक महिला की आत्म-खोज की यात्रा भी है। फिल्म इस बात को भी दिखाती है कि कई बार माता-पिता खुद अपनी कमियों को नहीं समझ पाते, लेकिन मुश्किल हालात उन्हें आईना दिखा देते हैं। फिल्म का निर्देशन शिलादित्य मौलिक कर रहे हैं। उनका कहना है, छेलेधोरा माता-पिता की कहानी है। फिल्म एक रोड जर्नी की तरह आगे बढ़ती है.

# जेल से बाहर आने के बाद राजपाल यादव ने शुरू की नई पारी, अब यूट्यूब पर भी मिलेगा कॉमेडी का डबल-डोज

9 करोड़ के कर्ज में डूबे अभिनेता राजपाल यादव 13 दिन की जेल काटने के बाद बाहर आ चुके हैं और दोबारा काम पर वापसी भी कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में वैनिटी वैन से काम पर वापसी की वीडियो शेयर की और सपोर्ट करने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद दिया था। अब अभिनेता ने फिल्मों के साथ-साथ नए काम की शुरुआत भी कर दी है। अभिनेता ने फैंस से गुजारिश की है कि उनका प्यार और सपोर्ट बहुत जरूरी है।
अभिनेता राजपाल यादव ने अपना नया यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जिस पर वे नए तरीके से मनोरंजन परोसने वाले हैं। अभिनेता ने वीडियो जारी कर बताया कि उनके करियर में नई चीज जुड़ रही है और वो है यूट्यूब चैनल। उन्होंने कहा, एक नई पारी की शुरुआत करने के लिए कई दिनों से तैयारी कर रहा था और आज, वह दिन आ गया है। आज से हमारा यूट्यूब चैनल शुरू हो रहा है, जिसका आधिकारिक नाम राजपाल नौरंग यादव है। अभिनेता के चैनल का मिशन बुढ़े हो या नौजवान, हमको मनोरंजन मिले एक समान है। मतलब अब सिर्फ फिल्मों के जरिए ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी गुदगुदाने वाले हैं। अभिनेता राजपाल फिलहाल जेल से बाहर आने के बाद कमबैक के लिए पूरी तरह तैयार है। सिनेमाघरों में अभिनेता की फिल्म %भूत-बंगला% 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। अभी सिर्फ फिल्म से जुड़े पोस्टर और पहला गाना रिलीज हुआ है। फिल्म कॉमेडी से भरपूर होने वाली है और फैंस बेसब्री से फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि अभिनेता को 9 करोड़ के कर्जवापसी मामले में दिल्ली के तिहाड़ जेल में 13 दिन बिताने पड़े थे। अभिनेता ने कर्ज अपनी फिल्म को प्रोड्यूस करने के लिए लिया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरीके से पिट गई और यही वजह रही कि अभिनेता कर्जे में डूब गए। अभिनेता को कर्ज से उबारने और जेल से बाहर निकालने की मुहीम अभिनेता सोनू सूद ने शुरू की, और फिर धीरे-धीरे बॉलीवुड के बड़े चेहरे ने अभिनेता को बाहर निकालने के लिए मदद के लिए बड़ी राशि दान की।



# स्वास्थ्य की सबसे बड़ी ताकत है पर्याप्त नींद

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर नींद को कम महत्व देते हैं, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट स्वास्थ्य की सबसे बड़ी ताकत बताते हैं। पर्याप्त और गहरी नींद न सिर्फ शरीर को आराम देती है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य और ताजगी के लिए बेहद जरूरी है। नेशनल हेल्थ मिशन का कहना है कि अच्छी नींद से बेहतर स्वास्थ्य होता है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद लेना चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें, नियमित समय पर सोएं और जागें, कमरे को अंधेरा और शांत रखें। इन छोटी आदतों से नींद की क्वालिटी सुधरती है और जीवन स्वस्थ के साथ खुशहाल बनता है।

अच्छी नींद लेने से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। नींद की कमी से वजन बढ़ना, तनाव, थकान और कई बीमारियां हो सकती हैं। वहीं, नियमित अच्छी नींद कई फायदे देती है। सबसे पहले, यह वजन नियंत्रण में बहुत मददगार साबित होती है। अच्छी नींद हार्मोन को संतुलित रखती है, जिससे भूख नियंत्रित रहती है और ज्यादा खाने की आदत नहीं पड़ती। इससे मोटापा और संबंधित बीमारियों का खतरा कम होता है।

दूसरा बड़ा फायदा है मानसिक तनाव और थकान में कमी। गहरी नींद लेने से दिमाग शांत रहता है, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याएं कम होती हैं। व्यक्ति ज्यादा सकारात्मक और एनर्जी से भरपूर महसूस करता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है। अच्छी नींद इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है, जिससे बीमारियां कम लगती हैं और शरीर जल्दी रिकवर करता है।

तीसरा बड़ा फायदा है कि नींद हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक है। यह ग्रोथ हार्मोन, कोर्टिसोल जैसे हार्मोन को सही स्तर पर रखती है, जो शरीर के विकास, मेटाबॉलिज्म और तनाव को खत्म करने के लिए जरूरी हैं। नींद की कमी से हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं जन्म ले सकती हैं।

चौथा महत्वपूर्ण फायदा है बेहतर याददाश्त और फोकस में वृद्धि। नींद के दौरान दिमाग जानकारी को प्रोसेस करता है और यादों को मजबूत बनाता है। अच्छी नींद लेने वाले लोग ज्यादा एकाग्र रहते हैं, सीखने की क्षमता बढ़ती है और काम में उत्पादकता आती है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com